पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>वृक्षारोपण महाकुंभ पर राजभवन में **90** पौधे रोपे गये</u>

<u>राज्यपाल संग राजभवन के बच्चों ने पौधे लगाये</u>

<u>बच्चे अपने द्वारा लगाये गये पौधों को गोद लेकर देखभाल करेंगे</u>

लखनऊः 9 अगस्त, 2019

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज वृक्षारोपण महाकुंभ के अवसर पर राजभवन में बरगद का पौधा रोपा। राज्यपाल की प्रेरणा से राजभवन परिसर में निवास करने वाले अधिकारी, कर्मचारी व उनके परिजनों द्वारा राज्यपाल के साथ ही अमरूद, आम, आवंला, कचनार, मौलश्री, पीपल, बरगद, हरसिंगार आदि के 90 पौधे रोपे। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 22 करोड़ पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि वृक्षारोपण महाकुंभ में राजभवन परिसर में रहने वाले परिवार सहभाग करें। उन्होंने कहा कि राजभवन परिसर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों से वृक्षारोपण कराया जाये जिससे कि बच्चा स्वयं के बढ़ने के साथ-साथ पौधे को भी विकसित होता देख सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चा एक पौधे को गोद लेगा और पौधे के साथ बच्चे के नाम की पट्टिका भी लगाई जाये जो आगे चलकर उसके लिये भी यादगार रहेगा।

अंजुम/ललित/राजभवन (14/7)

अभिनव
(उम्र-08 वर्ष)
पुत्र श्री रवि कुमार
द्वारा रोपित
तबेबिया रोजिया
(Tabebuia rosea)
09 अगस्त, 2019

श्रीमती आनंदीबेन पटेल
मा. राज्यपाल, उ.प्र.
द्वारा रोपित
(Ficus Benghalensis)
09 अगस्त 2019